रविवासरीय
हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सटीक
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
13 नवंबर 2022, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम सम्वत् 2079, बरेली
नगर संस्करण, वर्ष 13, अंक 46, 14 +8 पेज+4 पेज पुरस्कार, मूल्य ₹ 7.00
• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में खड़ा किया 319 रन का स्कोर

नागालैंड पर फॉलोऑन का खतरा

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। कूच बिहार ट्राफी में अंडर-19 क्रिकेट मैच के पहले दिन नागालैंड के खिलाफ उत्तर प्रदेश का दबदबा साफ नजर आया। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 319 रन बनाए। जवाब में नागालैंड की टीम 73 रन पर चार विकेट खोकर फॉलोऑन बचाने को संघर्षरत है। फॉलोऑन से बचने को नागालैंड की टीम को 169 रन बनाने होंगे।

एसआरएमएस के मैदान पर हल्के सर्द मौसम में नागालैंड की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला किया। तेज हवा के बीच में नागालैंड के गेंदबाजों को सफलता मिलने की उम्मीद थी, मगर उत्तर प्रदेश के बल्लेबाजों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया। 65 रन पर दो विकेट निकल जाने के बाद भी कप्तान आदर्श सिंह ने दबाव नहीं आने दिया। एक छोर संभालते हुए आदर्श ने 16 चौकों की मदद से 74 गेंदों पर 85 रन बनाए। प्रशांत वीर ने 97 गेंदों पर 98 रनों की बेमिसाल पारी खेली। महज दो रन से शतक से चूके प्रशांत ने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। सिद्धार्थ मिश्रा ने 48 जबकि विराट जायसवाल ने 36 रन बनाए। अब्दुल रहमान ने 17 गेंदों पर 18 रन की तेज पारी खेली, जिसमें एक चौका और दो छक्के शामिल थे। बदले में नागालैंड का पहला विकेट युगांधर के रूप में 42 रन के स्कोर पर गिरा। कप्तान युगांधर आसिफ अली की गेंद पर 17 रन बनाकर बोल्ड हुए। के. रियो ने टिककर खेलते हुए 82 गेंद पर 26 रन बनाये। स्टंप तक नागालैंड की टीम चार विकेट खोकर 73 रन बना चुकी है।

कूच बिहार ट्राफी के अंडर-19 क्रिकेट मैच का शनिवार को एसआरएमएस के मैदान पर आगाज हो गया। • हिन्दुस्तान

10 चौके और चार छक्के यूपी टीम के प्रशांत ने लगाए

- यूपी के आदर्श ने 85 और विराट ने 36 रन बनाए
- चार विकेट पर 73 रन बना संघर्ष कर रहा नागालैंड

जबरदस्त उत्साह के बीच मैच का हुआ शुभारंभ

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, पशु धन मंत्री धर्मपाल सिंह, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक डीसी वर्मा, कमिश्नर संयुक्ता समद्दार, एडीजी राजकुमार, आईजी रमित शर्मा, एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक व एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, यूपीसीए के डायरेक्टर युद्धवीर सिंह, सचिव प्रदीप गुप्ता, बीसीए अध्यक्ष सरफराज वली खान, सचिव सीताराम सक्सेना, कोच मनीष सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी, यूसुफ अंसारी, अनुज शर्मा, मो. कमर, मो. चमन, नितेश भारद्वाज, प्रशांत पांडे आदि उपस्थित रहे।

ऑफ स्पिनर आयुष ने कहा कि यूपी की टीम ने बल्लेबाजी के साथ-साथ गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। यह एक अद्भुत अनुभव रहा।

लेग स्पिनर प्रियांशु गंगवार ने कहा कि आज हम लोग बाल बॉय के रूप में आए हैं। एक दिन मैदान पर बरेली का नाम रोशन करेंगे।

डेल स्टेन के दीवाने मीडियम पेसर विशाल ने कहा बीसीसीआई अधिकृत मैच को पहली बार रूबरू देखने का अवसर मिला है।

सीधे हाथ के बल्लेबाज युवराज ने कहा कि प्रशांत वीर के शॉट सेलेक्शन से उन्हें आज काफी कुछ सीखने को मिला।

मैच देखने पहुंचे मीडियम पेसर अनुराग ने कहा, उत्तर प्रदेश के कप्तान आदर्श की बल्लेबाजी उनको बेहद पसंद आई।